92
16/11/17



कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांकजी0बी0/दो(56)2017/2394 भोपाल, दिनांक 16-11-2017

## निविदा सूचना

आईटी विभाग की वेबसाइट https://mpeproc.gov.in से पारपत्र पुस्तिका (तकनीकी विवरण अनुसार) मुद्रण हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु पंजीकृत प्रिन्टरों से पेपर सहित मुद्रण, बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की समस्त कर सहित प्रति बुकें दरें दिनांक **29-11-17** अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति, पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक **30-11-17** को अपराह्न 2.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन/ होने की सूचना ***https://mpeproc.gov.in*** एवं ***www.govtpressmp.nic.in*** पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

निविदाकार फर्म की
पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर

C:\Documents and Settings\soft\Desktop\SECTION 2 DOCUMENTS\Tender-Nevida\Parpatra Book.doc2

OFFICE OF THE CONTROLLER
**GOVT. PRINTING AND STATIONERY, M.P., BHOPAL**

No. GB-II/ /(56)/2017/ 2394 Bhopal, dated 16-11-2017

# TENDER NOTICE

ONLINE Bidding are invited on https://mpeproc.gov.in from the Registered Printers for confidential Printing work of Indian Bank Association (IBA) who have for Printing of Transit Book (as per technical details) including paper, printing, transport and other charges per book with all taxes are invited on or before 2.00 PM on **29-11-17** as per key dates.

2. Hard Copy of the Bid Documents complete in all respects, alongwith Technical tender document, certified Paper Sample, acceptation of tender condition must be received at the office of the undersigned as per key dates. Envelopes of Hard Copy and Online Technical Parts will be open on **30-11-17** at 2.00 PM in the Office of the undersigned in the presence of such tenderers or their authorised representatives as may be present.

4. All corrigendum/amendments/changes, if any will be issued and made available on Website https://mpeproc.gov.in and www.govtpressmp.nic.in

**Controller,**
**Govt. Printing and Stationery,**
**M. P., Bhopal.**

निविदाकार फर्म की
पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर

*निविदा में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट कृपया निम्नानुसार क्रमबद्ध दस्तावेज पृष्ठ संख्या अंकित कर संलग्न करें।*

1– राष्टीयकृत बैक द्वारा जारी किया गया राशि रूपये 5000/– का एफडीआर एवं निविदा प्रपत्र राशि के रूप में राशि रूपये 1000/– की डीडी नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, भोपाल के नाम से तैयार कर हार्डकापी के संलग्न प्रस्तुत करना होगा।
2– निविदा की शर्तो एवं तकनीकी विवरण पर सहमति स्वरूप पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा के संलग्न प्रस्तुत दस्तावेजों पर पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना होगा।
3– फर्म स्थापित होने का पंजीयन प्रमाण संलग्न करना होगा।
4– अद्यतन भुगतान किया गया विद्युत देयक संलग्न करना होगा।
5– जीएसटी प्रमाण पत्र।
6– आयकर विभाग द्वारा जारी पेनकार्ड की प्रति।
7– फर्म राज्य एवं केन्द्र/शासन के किसी भी शासकीय/अर्द्वशासकीय कार्यालय में ब्लेक लिस्टेड नही का प्रमाण पत्र लेटर हेड पर संलग्न करना होगा।
8– उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार मशीने स्थापित होने के प्रमाण स्वरूप मशीनों की सूची एवं देयक संलग्न करना होगा।
9–निविदा के संलग्न प्रस्तुत पेपर सेम्पल पर पेपर निर्माता मिल का नाम व जीएसएम अंकित कर तकनीकी विवरण अनुसार डमी संलग्न करना होगा।
10–आईबीए में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
12– राज्य या केन्द्र शासन के किसी शासकीय कार्यालय का एक कार्यादेश संलग्न करना होगा।
13 फर्म द्वारा विगत दो वर्षो में जमा आई0टी0 एक्नालेजमेंट सी0ए0 द्वारा अभिप्रमाणित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होंगा।
टीपः– उपरोक्त सरल क्रमांक 1 को छोडकर शेष समस्त दस्तावेजों पर फर्म की पदमुद्रा अंकित कर हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी।

नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल

# Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 5.00 PM on 28-11-17 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 29-11-17 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 12.00 PM on 30-11-17 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 2.00 PM on 30-11-17 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 4.00 PM on 30-11-17 |

निविदाकार फर्म की
पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर

# तकनीकी विवरण एवं शर्तें

| स0क्र0 | पारपत्र विवरण | मात्रा | साईज | मुद्रण विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | खनि व्यापारी अनुज्ञप्तिधारी (100पृष्ठ) डुप्लीकेट पृष्ठ सहित | 1100 | A–5 | 1–प्रथम प्रति का बहुरंगी मुद्रण कार्य माइक्रोलेटेरिंग इनविजिबल सिक्युरिटी इंक से 60 GSM वाटरमार्क पेपर पर मध्यप्रदेश शासन का लोगो इनविजिबल जो U.V. लेम्प से दर्शित हो, परफोरेशन सहित पृष्ठ भाग एक रंग में, द्वितीय प्रति सफेद सादे पेपर पर मुद्रित होगी,<br>2– प्रथम प्रति परफोरेटेड,<br>3– द्वितीय प्रति के मुख्य एवं पृष्ठ भाग एक रंग में,<br>4– 60 जी.एस.एम. सुपीरियर पेपर आई.एस. मानकः 1848/2007_अद्यतन संशोधन के साथ,<br>5– आवरण 140 जी.एस.एम. क्राफ्ट पेपर पर।<br>6– प्रत्येक फार्म पर बुक नम्बर एवं सीरियल नम्बर का अनुक्रमांक अंकित किया जाना है।<br>7– बुक के स्पाईन (सिलाई) पर बाईडिंग क्लाथ की पट्टी पेस्ट होगी।<br>8– आवरण पृष्ठ पर बुक क्रमांक मशीन से अंकित करना होगा। |
| 2 | मुख्य खनिज (100 पृष्ठ) डुप्लीकेट पृष्ठ सहित | 9,000 | A–5 | द्वितीय प्रति का बहुरंगी मुद्रण कार्य माइक्रोलेटेरिंग इनविजिबल सिक्युरिटी इंक से 60 GSM वाटरमार्क पेपर पर मध्यप्रदेश शासन का लोगो इनविजिबल जो U.V. लेम्प से दर्शित हो, परफोरेशन सहित पृष्ठ भाग एक रंग में, प्रथम प्रति सफेद सादे पेपर पर मुद्रित होगी,<br>2– प्रथम प्रति परफोरेटेड,<br>3– द्वितीय प्रति के मुख्य एवं पृष्ठ भाग एक रंग में,<br>4– 60 जी.एस.एम. सुपीरियर पेपर आई.एस. मानकः 1848/2007_अद्यतन संशोधन के साथ,<br>5– आवरण 140 जी.एस.एम. क्राफ्ट पेपर पर,<br>6– प्रत्येक फार्म पर बुक नम्बर एवं सीरियल नम्बर का अनुक्रमांक अंकित होगा,<br>7– बुक के स्पाईन (सिलाई) पर बाईडिंग क्लाथ की पट्टी पेस्ट होगी,<br>8– आवरण पृष्ठ पर बुक क्रमांक मशीन से अंकित होगा। |

1. उपरोक्त तकनीकी विवरण की सामग्री के पेपर सहित मुद्रण, परिवहन एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में पंजीकृत इच्छुक प्रिन्टरों से ऑनलाईन निविदा दिनांक **30-11-17** अपराह्न 2.00 बजे की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बिलम्व से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

1.1 इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र।

1.2 निविदा प्रपत्र के रूप में राशि रूपये 1,000/- का डिमांड ड्राफ्ट एवं रूपये 5,000/- नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर हार्डकापी के संलग्न प्रस्तुत करना होगा।

1.3 उपरोक्त तकनीकी विवरण के प्रिंटिंग की मशीनें स्थापित होने के प्रमाण स्वरूप स्थापित मशीन के क्रय देयक की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

1.4 उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार नमूना तैयार कर अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करना होगा।

1.5 तकनीकी निविदा एवं शर्तों में प्रत्येक पृष्ठ पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1.6 उपरोक्त पारपत्र पुस्तिका मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले समस्त प्रकार के पेपर नमूनों पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का जीएसएम, निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

2. तकनीकी भाग दिनांक **30-11-17** अपराह्न 2.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी को खोला जावेगा। फर्म द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. तकनीकी भाग के पात्र निविदाकारों का कामर्शियल भाग की-डेट्स अनुसार दिनांक **30-11-17** अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. प्रूफ अनुमोदन विभाग से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 5 दिवस के अंदर 2 सेम्पल मांगकर्ता विभाग को प्रस्तुत करना होगा। सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से 30 दिवस के अन्दर पूर्ण सामग्री मुद्रित कर विभाग को प्रदाय करना होगा तथा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा।

5. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी स्थिति में फर्म के विरूद्ध निम्मानुसार कार्यवाही की जायेगी :-

5.1 सामग्री की गुणवत्ता/निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाये जाने पर प्रतिभूति राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर. राजसात कर ली जावेगी।

5.2 यदि मुद्रक को प्रदायित सामग्री का भुगतान किया जा चुका है। इसके पश्चात् सामग्री की गुणवत्ता में कमी आदि सूचना कार्यालय में प्राप्त होने कार्यवाही की जावेगी।

5.3 शर्त क्रमांक 5.2 की स्थिति में उपरोक्त सामग्री का पुनः मुद्रण कर निर्धारित समय में मांगकर्त्ता कार्यालय को प्रदाय करना होगा। विलम्ब की स्थिति में 1 प्रतिशत प्रति सप्ताह के मान से शास्ति अधिरोपित की जावेगी। यदि निर्धारित समय सीमा में सामग्री की प्रदायगी नहीं की जाती

अथवा सामग्री पुनः मुद्रित करने से इंकार किया जाता है कि दशा में भू–राजस्व वसूली के अन्तर्गत एवं मुद्रक द्वारा निष्पादित अनुबंध के क्रम में भुगतान की गयी राशि/अन्तर की राशि वसूले जाने हेतु फर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

5.4 निविदा में आमंत्रित फर्मों द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि निविदा में प्रस्तुत कागज के नमूने/तकनीकी विवरण अनुरूप ही सामग्री का मुद्रण किया जावे। किसी भी दशा में गुणवत्ता में कमी/लापरवाही पूर्णतः रूप से अस्वीकार की जावेगी।

5.5 गुणवत्ता में कमी किसी भी रूप में मान्य नहीं है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित मुद्रक को प्रदेश में प्रतिबंधित कर काली सूची में सम्मिलित किया जावेगा।

6. सामग्री कार्टून में पैक कर (5 प्लाई कार्टून, सिंक रेकशसटेन्स पैकिंग में अधिकतम 20 केजी वजन) में मांगकर्ता कार्यालय को F.O.R. सौंपा जाना होगा। इसके लिए पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

7. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

8. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 5 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि का 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल राशि रूपये 1000=00 के नानज्यूडिशियल/स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। यदि अनुबंध हेतु फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होता है तो अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. शासन द्वारा समय–समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

10. मुद्रक को प्रिंट लाईन विभाग से अनुमोदन कराकर (विभाग का मांगपत्र क्रमांक, दिनांक, नियंत्रक, शा0 मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल का मुद्रण आदेश क्रमांक एवं दिनांक) संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

11. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण

के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

12. **प्रोसेसिंग फीस रू५ये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउन लोड किया जा सकेगा।**

13. निविदा में एल–1 दर वाले मुद्रक का पंजीयन किया जावेगा बशर्ते कि मुदणालय में स्थल निरीक्षण में फर्म निर्धारित मानकों में पात्र पायी जावें।

14. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

नोट :– निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

नियंत्रक,
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल.**